दिन होता है मैया रात ढलती

दिन होता है मैया रात ढलती
तेरी ही कृपा से मेरी दुनिया चलती ॥

जगत जननी तू तूने दुनिया बसाई है
माँ तू ही तो सबकी एक सहाई है
है तेरा सहारा तो सारी विपदा टलती
तेरी ही कृपा से मेरी दुनिया चलती
दिन होता है मैया रात ढलती...

जिस जगह माँ तेरी आशनाई है
तेरे नूर की वहाँ फैली रोशनाई है
जगमग मैया जी तेरी जोत जलती
तेरी ही कृपा से मेरी दुनिया चलती
दिन होता है मैया रात ढलती....

ना चाहूं मैं मैया धन और दौलत
बहुत है जो पाया माँ तेरी बदौलत
रखती नहीं खाली झोली सदा भरती
तेरी ही कृपा से मेरी दुनिया चलती
दिन होता है मैया रात ढलती..

तेरी ममता की होती है छाँव जहाँ
मैया गमों की कभी होती नहीं धूप वहाँ
देर से जाना रही राजीव की गलती
तेरी ही कृपा से मेरी दुनिया चलती
दिन होता है मैया रात ढलती...

©राजीव त्यागी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34096/title/din-hota-hai-maiya-raat-dhalti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |